अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में सड़क सुरक्षा

अभियान के तहत दिनांक 04–02–2019 को सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा सप्ताह दिनांक 04 से 10 फरवरी, 2019 तक राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के निर्देशन में मनाया जा रहा है। इसके तहत दिनांक 04–02–2019 को सड़क सुरक्षा व यातायात नियम और हमारा उत्तरदायित्व विषय पर ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर कैसे सुरक्षित सफर करें व जीवन को सुरक्षित रखें इसके लिए यातायात के नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। प्रत्येक युवा को सड़क पर कार या दोपहिया वाहन की सवारी करते समय नियमों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें। ट्रैफिक नियमों की जानकारी के अभाव में व उन्हें अनदेखा करने के कारण हादसे होते हैं इसलिए हम सब का कर्तव्य है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें व ज़िम्मेदार नागरिक बनें खुद भी इनका पालन करें व दूसरों को भी जागरूक करें। यह कार्यक्रम एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों की देखरेख में समपन्न हुआ।